## सार-समाचार

### चोरों ने मंदिर की तिजोरी को बनाया निशाना

**डूंगरपुर, (निसं)।** धम्बोला थानान्तर्गत भाटिया धनेश्वर महादेव मंदिर में गुरुवार की रात को 8.30 बजे के करीबन तिजोरी खोल कर 6 लाख चोर चोरी कर ले गए हैं। महंत सुमित गिरी महाराज ने चोरी की सूचना मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष, सदस्यों सहित समाजजनों को दी जिस पर सभी मंदिर पहुँचे ओर तिजोरी में देखा तो अंदर से रुपये गायब थे। सिद्ध राज लबाना भाजपा के पूर्व पंचायत समिति सदस्य वर्तमान किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोहनलाल, हरिराम लबाना कमेटी उपाध्यक्ष,अमरसिंह लबाना कमेटी महामंत्री ने बताया कि लगभग 6 लाख रूपये तिजोरी के अंदर थे तिजोरी रूपये से खचाखच भरी हुई थी। वही बताया कि भाटिया धनेश्वर महादेव मंदिर को लेकर लबाना समाज के दो गोत्र के समाजजनो में विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में विचाराधीन है, जिस वजह से कोर्ट के आदेश से 5 सितम्बर 2०22 से तिजोरी बंद थी। जिस वजह से तिजोरी कोई भी खोल नही सकता था। फिर भी कल रात को 8.3० बजे के करीबन लक्ष्मण पुत्र मणिलाल, नटवर पुत्र वागा लबाना, मुकेश पुत्र बटुक लबाना यह मंदिर पर आए और महंत सुमित गिरी से श्रीफल मंदिर में चढाना है कहकर चाबी ली और मंदिर के अंदर पहुँचे इनको मंदिर में समय अधिक लगने पर सुमित गिरी महाराज मंदिर में पहुँचे तो देखा कि तिजोरी के अंदर से लगभग 6 लाख रुपये निकाल चोरी कर यहां से यह बदमाशान भाग छूटे। जिस पर सुमितगिरी महाराज ने भागतें हुए उनको रोकने की कोशिश की पर वह रुके नहीं, वही बताया कि 25 तारीख की शाम को 5.3० से 6 बजे के बीच ईश्वरलाल न्यालचंद को भी मंदिर के पास देखा गया था और महंत सुमित गिरी महाराज से मिला था। पुलिस को सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँची थी। वही मंदिर कमेटी पदाधिकारियों व सदस्यों सहित समाजजन ने थाने में मामला दर्ज करवाया है।

### रेडिमेड दुकान में चोरी

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले में चोरों ओर बदमाशों में पुलिस का खौफ कम होने के चलते दिन ब दिन हौसले बुलंद होते जा रहे है जिसका खामियाजा जिले की आम जनता उठाना पड रहा है। पिछले दो दिनों से आसपुर मार्ग पर रात्रि के समय में गाडियों और बसों में पर बेखौफ बदमाश पत्थराव की घटना दी। वहीं दूसरी ओर रात के अंधेरे में दुकानों में चोरी की वारदाते को अंजाम दिया जा रहा है। जिससे पुलिस की रात्रि गश्त पर सवालियां निशान खडा हो रहा है। दो दिन पूर्व पर बिछीवाडा थाना क्षेत्र के ओडा बडा गांव में बदमाशों ने एक रेडिमेड दुकान की दीवार में छेदकर लाखों रूपए कपडों की चोरी की वारदात अंजाम दिया। अलग दिन सुबह दूकानदार दूकान को खोला तो उसकी आंखे फटी की फटी रह गई। दूकान से रेडिमेड कपडों गायब थे। अंदर जा जाकर देकर तो दीवार में बडा से एक छेद मिला। सूचना मिलने पर मौके पर ग्रामीण भीड लग गई। दुकानदार कल्पेश पटेल ने बताया बुधवार की रात्रि को अज्ञात बदमाशों ने दुकान की पीछे की तरफ दीवार में एक छेद कर अंदर दाखिल हुए तथा अंदर रखे ब्रांडेड कपडे, बेल्ट और परफ्यूम पर हाथ साफ कर दिया। पटेल ने बताया कुछ दिन पहले से अहमदाबाद से करीब 3 लाख रूपए का सामान खरीद कर दुकान में रखा था। बदमाशों ने नए कपडों के अलावा दुकान में रखे हुए अन्य कपडों पर हाथ साफ कर दिया। पीडित दुकानदार ने इसकी लिखित शिकायत बिछीवाडा पुलिस को दी।

### जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला आदिवासी कांग्रेस डूंगरपुर के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में बताया कि देश के नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में देश के प्रथम नागरिक एवं सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन महामहिम राष्ट्रपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित न करके केंद्र सरकार भारत की सवैधानिक गरिमाओं को नष्ट कर रही है साथ ही देश मे निवासरत अनुसूचित जनजाति को भी अपमानित कर रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि केंद्र सरकार नए संसद भवन का उदघाटन महामहिम राष्ट्रपति से करावें। इस अवसर पर पूर्व विधायक लालशंकर घाटिया, आदिवासी जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरमाल परमार, प्रधान बिछीवाडा देवराम रोत, ब्लॉक अध्यक्ष पुनाली रतनलाल पाटीदार, एससी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गौरव यादव, पूर्व सरपंच रूपचंद भगोरा, मंडल अध्यक्ष दोवडा, हेमंत जोशी, आदिवासी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कांतिलाल मनात, लक्ष्मण मनात, गणेशलाल रोत, सोमा बुझ, महिपाल परमार, राकेश परमार आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भैरव धाम पर होगा धार्मिक अनुष्ठान

**देवगढ़, (निसं)।** स्थानीय रामपुरिया में स्थित भैरव धाम पर शनिवार से सोमवार तक तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान होंगे।मंदिर के पुजारी लाल सिंह टांक ने बताया कि देवगढ के रामपुरिया में स्थित 550 साल प्राचीन भगवान भैरव के मंदिर का सर्वसमाज के भक्तजनों द्वारा जीर्णोद्धार किया गया है अत: मंदिर पर कलश स्थापना एवं ध्वजादंड आरोहण के कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसके अंतर्गत पंच कुंडीय महायज्ञ, शोभायात्रा, भजन संध्या, महाप्रसादी सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन सिद्ध संत श्री श्री 1008 श्री अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी जी की उपस्थिति में वैदिक पंडितों की अगुवाई में किया जाएगा। कार्यक्रम के निमित्त विभिन्न समितियों का गठन किया गया है एवं भक्तजनों को जिम्मेदारियां प्रदान की गई है।

### 2200 लीटर डीजल जब्त

**डूंगरपुर, (निसं)।** धम्बोला थाना पुलिस ने शुक्रवार को सीमलवाडा-मांडली रोड पर सीमलवाडा के पास अवैध डीजल से भरी पिकअप को जब्त किया है। पुलिस ने पिकअप से 11 ड्रमों में भरा 2200 लीटर डीजल बरामद किया है। वहीं, पिकअप ड्राइवर को डिटेन किया है। डीजल अवैध रूप से अहमदाबाद से भरकर लाया जा रहा था। रसद विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी है। रसद अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि धम्बोला थाना पुलिस ने सीमलवाडा-मांडली रोड पर सीमलवाडा के पास एक पिकअप को रुकवाया था। पिकअप में ड्रमों में डीजल भरा हुआ था। पुलिस ने ड्राइवर से जब डीजल परिवहन के दस्तावेज मांगे तो ड्राइवर के पास किसी भी प्रकार के दस्तावेज मौजूद नहीं थे। इस पर पुलिस ने डीजल से भरी पिकअप को जब्त किया तथा अहमदाबाद निवासी ड्राइवर सतीश भाई पुत्र मोहन भाई को डिटेन किया है। पिकअप में 11 ड्रमों में 22०० लीटर डीजल भरा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने मामले की सूचना रसद विभाग को दी। सूचना पर रसद अधिकारी विपिन जैन, निरीक्षक पुष्पेन्द्रसिंह और निरीक्षक बजरंग की टीम थाने पहुंची। रसद विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी है।

# 'लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करें'

**उदयपुर, (कासं)।** संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट की अध्यक्षता एवं जिला कलेक्टर तारा चंद मीणा की उपस्थिति में शुक्रवार सायं संभागीय आयुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में जंतुआलय विकास ट्रस्ट की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उप वन संरक्षक (वन्यजीव) अजय चित्तौडा ने ट्रस्ट के विभिन्न कार्यों, दायित्वों एवं लक्ष्यों की जानकारी दी।

बैठक में सज्जनगढ़ जैविक उद्यान में रोड, कराल एवं पाथ-वे की सफाई, जैविक उद्यान में वॉटर सप्लाई, विद्युत उपकरणों के रखरखाव, वन्यजीवों की देखभाल को लेकर भट्ट ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा सज्जनगढ़ में फेसिंग एवं कराल नाइट शेल्टर के संधारण, लॉयन सफारी, टॉइलेट निर्माण, पर्यटकों के लिए सुविधा विस्तार, लेंटाना उन्मूलन पर सम्भागीय आयुक्त ने चर्चा की और कहा कि आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जाए। इस मौके पर रिटायर्ड सीसीएफ राहुल भटनागर ने सिविल निर्माण कार्यों में यूआईटी या पीडब्ल्यूडी से अभियंता का सहयोग लेने का सुझाव दिया। संभागीय आयुक्त ने जैविक उद्यान में साइनेज लगाने, बर्ड पार्क के रखरखाव एवं प्रचार-प्रसार पर अधिक कार्य करने पर जोर दिया। संभागीय आयुक्त भट्ट ने बैठक में कहा कि आगामी बर्ड फेस्टिवल में आमजन की भागीदारी पूर्व की तुलना में कई गुना बढ़ाई जाए। इसके लिए वन विभाग अच्छा प्लान तैयार करे, लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करें एवं कोशिश करे कि अधिकाधिक लोग बर्ड फेस्टिवल में आकर पक्षियों की दुनिया को जान पाए। उन्होंने लोगों को वन्यजीव संरक्षण को लेकर जागरूक करने पर अधिक जोर देने की आवश्यकता जताई । रिटायर्ड सीसीएफ राहुल भटनागर ने इको टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में ट्रस्ट के आय, व्यय एवं लाभ पर चर्चा हुई। आने वाले समय में होने वाले अनुमानित खर्चों पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान सीसीएफ आर के खैरवा, रिटायर्ड सीसीएफ राहुल भटनागर, उप वन संरक्षक (वन्यजीव) अजय चित्तौडा, एडीएम (शहर) प्रभा गौतम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने जंतुआलय विकास ट्रस्ट की बैठक ली।

# वार्षिकोत्सव समारोह सम्पन्न

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के शारीरिक एवं योग शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित म.ए. योग, एम.ए. शारीरिक शिक्षा के विद्यार्थियों की ओर से आयोजित वार्षिकोत्सव 2023 समारोह का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुल प्रमुख भंवर लाल

■ **योग से दृढ़ इच्छा जागृत होती है : प्रो. सारंगदेवोत**

गुर्जर, सुखाड़िया विवि योग केन्द्र के समन्वयक डॉ. दिपेन्द्र सिंह चैहान,,योग एवं शारीरिक शिक्षा विभाग निदेशक डॉ. दिलीप सिंह चैहान ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर दिया। समारोह में योग के विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसान वङ्कासन, सिंहसन, मत्स्यासन, गोमुखासन, संर्वागासन आदि कर सभी मंत्रमूग्ध कर दिया। समारोह में सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, ट्रेक सूट वितरित करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि योग को घर घर तक पहुंचाने का जिम्मा योग शिक्षकों का है। योग से दृढ़ इच्छा जागृत होती है और वह जीवन में कभी असफल नहीं हो सकता। योग के प्रति आमजन को भी जागरूक करे। इस अवसर पर डॉ. धमेन्द्र राजौरा, भगवती लाल सोनी, डॉ. विनस व्यास, दिपेश वत्स, डॉ. धीरेन्द्र सिंह सिसोदिया, डॉ. कीर्ति दशोरा, कीर्ति मेनारिया, शीतिस जैन सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।




आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह को कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ( बायें ) ने संबोधित किया।

## दुष्कर्मी को कारावास

**राजसमंद, (निसं)।** पॉक्सो न्यायालय राजसमंद के न्यायाधीश सुनील कुमार पंचोली ने शुक्रवार को बडा फैसला सुनाते हुए नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाते हुए 31 हजार रूपये का अर्थ दण्ड लगाया। न्यायाधीश ने 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को आरोपी धन्नासिंह द्वारा घर से बहला-फुसला व धमका कर ले जाने तथा उसके साथ बलात्कार करने के आरोपी धन्ना सिंह को 20 वर्ष के कारावास तथा 31 हजार रुपए जुर्माने की सजा से दंडित किया। विशिष्ट लोक अभियोजक राहुल सनाढ्य ने बताया कि 14 जून 2019 को पीडिता के पिता ने पुलिस थाना भीम में रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसमें बताया कि 13 जून को अर्द्धरात्रि में उसकी नाबालिग पुत्री को अभियुक्त धन्ना सिंह भगा कर ले गया तथा तलाश करने पर पता चला कि उसकी पुत्री व धन्ना सिंह उसकी बहन के घर रुके हुए थे।

# विधायक रावत ने महंगाई राहत शिविर का किया अवलोकन

**भीम, (निसं)।** विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने शुक्रवार को अपने विधानसभा अन्तर्गत भीम के कुशलपुरा में आयोजित महंगाई राहत शिविर में शिरकत कीं। विधायक रावत ने मुख्यमंत्री गारंटी कार्डो का वितरण किया।

शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति ऊर्जा विभाग कृषि पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी दस सेवाओं सम्बन्धी लाभार्थियों को कार्ड बांटे। इस दौरान विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की गहलोत सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुड गर्वेनेस देने के लिए संकल्पबद्ध है। गुड गर्वेनेस सरकार की प्राथमिकता है। सरकार के किसी भी विभाग की सामाजिक सुरक्षा व्यक्तिगत लाभ या अन्य किसी भी प्रकार की योजना या किसी भी विभाग की सेवा को प्रदेश के आम और आवान के पास सरल एवं सहज तरीके से पहुंचाने के लिए महंगाई राहत शिविरों के साथ प्रशासन गॉवों के संग भी चला रही है। एमआरसी से जुड़ी सेवाएं निश्चित विभागों की है। परन्तु गॉव ढाणी मगरों में निवास करने वाले गरीब किसान मजदूर महिला युवा श्रमिक दलित आदिवासी दिव्यांग कोई भी व्यक्ति या परिवार को गहलोत सरकार के किसी भी विभाग की किसी भी योजना से वंचित नहीं है। विधायक रावत ने कहा कि उपखण्ड प्रशासन के साथ ही राजस्व के तहसीलदार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज के बीडीओ महिला एवं बाल विकास के सीडीपीओ शिक्षा विभाग के सीबीईओ पुलिस विभाग के सीओ पीएचडी ऊर्जा कृषि और पीडब्ल्यूडी के एईएन जेईएन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावास अधीक्षक परिवहन आरटीओ पशुपालन विभाग के चिकित्सा अधिकारी सहित सभी बीएलओ आपके बीच आकर आपकी समस्याओं को निस्तारित कर रहे है। विभिन्न विभागों से जुड़ीं सरकार की सेवाएं जिसके लिए आप पात्रता रखते है।



विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने ( बायें से दूसरे ) ने कुशलपुरा में आयोजित महंगाई राहत शिविर में लाभार्थियों को गारंटी कार्डों का वितरण किया।

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने शिविर का किया निरीक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में महंगाई राहत कैंप तथा प्रशासन गांवों एवं शहरों के संग अभियान शिविरों में सर्वत्र भीड़ उमड़ रही है। जनजाति अंचल में लोग उत्साह के साथ कतारबद्ध होकर मुख्यमंत्री द्वारा दी जा रही महंगाई से राहत की सौगातों का लाभ ले रहे। विभिन्न शिविर स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड दिये जा रहे है, जिन्हें पाकर लाभार्थियों खुशी भरी मुस्कान के साथ मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत और स्थानीय प्रशासन का आभार जता रहे है। शिविर स्थलों पर लाभार्थी इन गारंटी कार्डों के साथ अपनी तस्वीर कैमरे में कैद करते हुए सरकार की जय-जयकार कर रहे है।जिला कलक्टर ताराचंद मीणा के नेतृत्व में टीम उदयपुर इस अभियान में बेहतर प्रदर्शन करते हुए लगातार सेवा कार्य में जुटी हुई है। जिला कलक्टर मीणा स्वयं विभिन्न शिविर स्थलों पर पहुंच प्रभावी मॉनिटरिंग कर रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कलक्टर मीणा कोटड़ा के बिलवन गांव पहुंचे और आयोजित महंगाई राहत कैंप व प्रशासन गांवों के संग शिविर का जायजा लेते हुए लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने शिविर स्थल पर लगी विभिन्न विभागीय स्टॉल्स का जायजा लेते हुए दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।

### करिश्मा को पीएचड़ी की उपाधि

**बांसवाड़ा, (निसं)।** गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय ने करिश्मा सिंह मेडतिया को शोधकार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की। मेडतिया ने यह शोधकार्य लियो कॉलेज घाटोल के प्राचार्य डॉ. मुकेश प्रजापत के निर्देशन में मछली पालन व्यवसाय और गरीबी उन्मूलन-एक अध्ययन बांसवाडा जिले के विशेष संदर्भ में विषय पर किया है। मेडतिया ने जिले के माहीडेम के बैक वाटर क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न जलाशयों में हो रहे मछलीपालन एवं इस व्यवसाय से संबंधित विभिन्न समस्याओं और भविष्य की संभावनाओं के अध्ययन पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न सुझाव दिए। शोध निर्देशक डॉ. मुकेश प्रजापत ने बताया कि मेडतिया के इस शोध कार्य के उपरांत परिणामस्वरूप दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को स्थानीय मछुआरों, स्थानीय सरकार, मत्स्य विभाग, राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा अपनाये जाए तो निश्चित रूप से मछली पालन व्यवसाय में स्थानीय स्तर पर वृद्धि तो होगी ही, साथ में जिले में पर्याप्त जल संसाधनों का समुचित उपयोग किया जा कर निश्चित रूप से इस व्यवसाय से राज्य एवं जिले की अर्थव्यवस्था सुदृढ बनेगी और स्थानीय रोजगार में वृद्धि होने से निश्चित रूप से गरीबी उन्मूलन में यह शोधकार्य सहायक सिद्ध होगा।

### वृद्धा के जेवरात खुलवा ले गये बदमाश

**उदयपुर, (कासं)।** पुत्रवधु की जांच करवाने के बाद घर लौट रही वृद्धा को झांसे मे लेकर बदमाश उसके सोने के जेवरात खुलवा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ओड बस्ती इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास निवासी ग्यारसी बाई पत्नी चुन्नीलालओड ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि मैं 24 मई को अपनी पुत्र वधु की सोनोग्राफी करवाने एमबी चिकित्सालय आई थी। जहां से वापस घर लौटने के लिए कोर्ट चौराहा बस स्टेण्ड पर खड़ी थी। इस दौरान आए दो व्यक्ति मुझे काम करने की बात कहते हुए अपने साथ ले गए। इस पर मै उनके साथ देहलीगेट बांस वाली गली तक पहुंची। जहां दोनों ने माहौल खाराब होने का हवाला देकर मेरे नाक से नथ, गले से रामनमी तथा कान की डूडिया निकलवा ली तथा बातचीत करने के दौरान रूमाल में बांध कर मुझे देकर घर जाकर रूमाल खोलने की बात कहते हुए रवाना हो गए।

### नकदी चुराने का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** सुखेर थाना पुलिस ने महिला के खिलाफ मालिक के घर से नकदी चुराने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीडित मीरा नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भुवाणा निवासी अंजनी कुमार पुत्र रमेशचन्द्र नन्दवाना ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 24 मई को मेरे घर पर काम करने वाली बाई गीता कनेर ने मेरी पेंट के जेब से 7 हजाररूपये नकदी निकाल चुरा ली। इससे पूर्व गत दिनों 50 हजार, 30 व 33 हजार रूपये चोरी होने तथा नौकरानी द्वारा चुरा ले जाने की आशंका व्यक्त करते हुए प्रकरण दर्ज करवाया है।

### अवैध विस्फोटक जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** घासा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध विस्फोटक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान घासा थानाधिकारीके नेतृत्व में हेडकांस्टेबल मनोहरसिंह मय टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर 25 मई रात में खाम की मादडी उकार पुत्र नारू लाल डांगी के कब्जे से अवैध विस्फोटक बरामद कर प्रकरण दर्ज किया।

## प्रतियोगिता का समापन

**कपासन, (निसं)।** कपासन में किंग सेना संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय सर्व हिंदू समाज रात्रि कालीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन गत रात्रि को शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ।कुल टूर्नामेंट में 16 टीमों के बीच कड़े मुकाबले हुए और फाइनल मैच पांडोली ने विजेता बनी । नगर में चल रहे वॉलीबॉल प्रतियोगिता का गत रात्रि को समापन हुआ

कार्यक्रम के अतिथि वृंदावन धाम से पधारे महंत श्री रसिक बिहारी दास जी महाराज एवम रामस्नेही संप्रदाय के महंत श्री दिग्विजय राम महाराज तथा गोविंद राम जी महाराज, नीलू भुआ आदि थे । अतिथियों का स्वागत साल वह उपरना ओढ़ाकर आयोजककर्ता द्वारा किया गया। समापन के अवसर पर फाइनल मैच पांडोली वर्सेज यज्ञ स्पोर्ट्स क्लब कपासन के बीच खेला गया कुल 5 सेट मे से तीन सेट पांडोली टीम ने जीता। उपविजेता यज्ञ स्पोर्ट्स क्लब रही।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत, उदयपुर
(RHB Office Building पारस तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)
Email-DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN Phone: 0294-2940730
क्रमांक:- उपआ.आ./वृत-उदय/2023-24/351 दिनांक:-25.5.2023
Registered
-: जाहिर आम सूचना ( मृत्यु पश्चात ) :-
कियोस्क पंजीकरण संख्या 04, पानेरियों की मादडी योजना, उदयपुर का आवंटन मण्डल द्वारा श्री घनश्याम सालवी पुत्र श्री गोपाल सालवी को किया गया था। उक्त कियोस्क का आवंटन पत्र क्रमांक 264 दिनांक 24.05.2001 को जारी किया गया।
श्री घनश्याम सालवी पुत्र श्री गोपाल सालवी की मृत्यु दिनांक 22.09.2021 को हो जाने के पश्चात् उनके पुत्र श्री भावेश सालवी पुत्र स्व. श्री घनश्याम सालवी ने मृतक के कानूनन उत्तराधिकारी होने का दावा करते हुये उक्त कियोस्क का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु मण्डल में आवेदन किया। श्री भावेश सालवी पुत्र स्व. श्री घनश्याम सालवी ने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक प्रपत्र एवं स्व घोषणा-पत्र (अपंजीकृत) मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त कियोस्क को उनके नाम कर दिया जावें।
अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण कियोस्क पंजीकरण संख्या 04, पानेरियों की मादडी, उदयपुर का कानुनी उत्तराधिकारी मानकर श्री भावेश सालवी पुत्र स्व. श्री घनश्याम सालवी के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में एवं स्व घोषणा-पत्र (अपंजीकृत) के आधार पर दर्ज कर दिया जायेगा।
उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल,
वृत्त- उदयपुर

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित, विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**उदयपुर, (कासं)।** नियमित योग करने प्रवृति को मनुष्य अपने जीवन में अपनाकर अपनी मानसिक ,भौतिक ,आध्यात्मिक सेहत में सुधार ला सकते है। यह बात अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के पूर्व प्रचार के अंतर्गत केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय , उदयपुर द्वारा आज शुक्रवार को राजकीय महिला ओघौगिक प्रशिक्षण संस्थान, प्रतापनगर, उदयपुर के परिसर में आयोजित योग पर जागरूकता एवं योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में बोलते हुए वाइस प्रिंसिपल अनिल खण्डेलवाल ने कही।

उन्होने कहा की योग अभ्यास शरीर एवं मन, विचार एवं कर्म, आत्मसंयम एवं पूर्णता की एकात्मकता तथा मानव प्रकृति के बीच सामजस्य स्थापित करता है। उन्होने उपस्थित महिलाओ एवं छात्राओं कहा की योग शरीर को स्वस्थ रखने उपयोगी है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने सभी अतिथ्यिों का स्वागत करते हुए विभाग की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए योग दिवस के महत्व एवं उसके इतिहास के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा की विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के बारे में आमजन में जागरूकता फैलाने एवं उन्हे योग को जीवन का आधार बनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा उदयपुर में 24 मई से 21 जून तक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है, इसी कडी में यह दूसरा कार्यक्रम का आज महिला आईटीआई के हॉल में आयोजन किया गया है। सन कॉलेज उदयपुर की योग विशेषज्ञ सहायक प्रोफेसर डॉ. शुभा सुराणा ने कहा की महिला मंडूकासन , भुजंगआसन, धनुरासन एवं पादहस्तासन कर के अनेक रोगों कोअपने शरीर से दूर कर सकती है।




योग पर जागरूकता एवं योगाभ्यास कार्यक्रम को वाइस प्रिंसिपल अनिल खण्डेलवाल ने संबोधित किया।

# बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**राजसमंद, (कासं)।** जिला प्रभारी सचिव और प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा भास्कर ए सावंत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि महंगाई राहत कैम्प, प्रशासन गांवों के संग और प्रशासन शहरों के संग अभियान में अधिकारी पहुंचकर आमजन को राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। प्रभारी सचिव ने गर्मी के मद्देनजर बिजली और पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को परेशानी न हो इसके लिए समुचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों से जल जीवन मिशन की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना एवं निरोगी राजस्थान की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा करतें हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक कृषकों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। खेल अधिकारी से मैदान में खिलाडियों को उपलब्ध सुविधाएं, खेलों में शामिल होने वाले प्रतिभागियों और विभिन्न खेलों के कोच की जानकारी ली और आमजन के साथ-साथ बच्चों को भी खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। बैठक में कलक्टर नीलाभ सक्सेना, जिला परिषद सीईओ राहुल जैन, उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, एसीईओ भुवनेश्वर सिंह चौहान आदि मौजूद थे।

कार्यालय पंचायत समिति निम्बाहेडा
जिला चित्तौडगढ ( राज. )
क्रमांक/पसनि/लेखा/ई-निविदा/2023-24/89 दिनांक: 25.5.2023
ई-निविदा सूचना 2023-24
(NIB Code ZCH2324A0159)
पंचायत समिति निम्बाहेड़ा के अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में ट्यूवेल बोर, हैण्डपम्प ड्रिलींग कार्य हेतु राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के नियमों के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ऑन लाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल के माध्यम से दिनांक 08.06.2023 समय सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।
अधिक जानकारी के लिए sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर UBN ZCH2324WSOB00186 पर भी देखी जा सकती है अथवा कार्यालय समय में देख सकते है।
विकास अधिकारी
पंचायत समिति निम्बाहेड़ा